मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-432
19/08/2023

# मुख्यमंत्री ने अल्पवृष्टि से प्रभावित औरंगाबाद, गया, नवादा, शेखपुरा, जमुई एवं नालंदा जिले का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

पटना, 19 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज हवाई सर्वेक्षण कर अल्पवृष्टि से प्रभावित औरंगाबाद, गया, नवादा, शेखपुरा, जमुई एवं नालंदा जिले के विभिन्न प्रखण्डों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये।

सर्वेक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न स्थिति पर पूरी नजर रखें। डीजल अनुदान योजना के तहत किसानों को सिंचाई हेतु डीजल अनुदान के रूप में सहायता दी जा रही है, सभी जरूरतमंद किसानों को तेजी से इसका लाभ दिलाएं ताकि उन्हें राहत मिल सके। किसानों को 16 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रखें। मुख्यमंत्री ने अल्प वर्षापात के कारण धान की रोपनी की स्थिति की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। कृषि विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अल्प वर्षापात वाले जिलों में वैकल्पिक फसल के लिये किसानों के बीच निःशुल्क मक्का के बीज का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने इच्छुक किसानों को आकस्मिक फसल योजना के तहत निःशुल्क बीज उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त बीज की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

हवाई सर्वेक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत,कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह मौजूद थे।

******